## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–25.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को करेंगी संबोधित, यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित किया जायेगा।
- देशभर में आज मनाया जा रहा है 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस, बेहतर चुनाव प्रबंधन के लिए झारखंड के सीईओ के. रवि कुमार और पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल को राष्ट्रपति करेंगी पुरस्कृत।
- प्रधानमंत्री ने गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले एनसीसी कैडेटों, स्वयंसेवियों, कलाकारों और जनजातीय अतिथियों से की मुलाकात, झारखंड के कलाकारों ने विकसित भारत पर पूछे सवाल।
- राज्य में आज से फिर ठंड की वापसी, रांची, पलामू और गढ़वा समेत कई जिलों में अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट का पूर्वानुमान।
- महिला हॉकी इंडिया लीग में सूरमा हॉकी क्लब ने श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को हराकर फाइनल में किया प्रवेश, कल ओडिसा वरियर्स से होगी खिताबी भिड़ंत।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी तथा अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढे नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण करेगा।

******************

देशभर में आज 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में आयोजित मुख्य समारोह में शामिल होंगी। इस आयोजन में विभिन्न देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधि तथा प्रमुख भी हिस्सा लेंगे। समारोह के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू सुचारू रूप से चुनाव संपन्न कराने के लिए राज्य और जिला अधिकारियों को सर्वोत्तम प्रक्रिया पुरस्कार प्रदान करेंगी।

******************

उत्कृष्ट निर्वाचन कार्यों के लिए पहली बार झारखंड को भी राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा। भारत निर्वाचन आयोग ने बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट के रूप में झारखंड का चयन किया है। झारखंड से यह पुरस्कार राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार को दिया जाएगा। जनरल कैटेगरी की श्रेणी में पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल का चयन राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए किया गया है। दोनों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज सम्मानित करेंगी।

******************

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस केवल निर्वाचन आयोग के गठन का ही उत्सव नहीं है बल्कि यह लोकतंत्र की भावना को सम्मान देने का भी अवसर है। उन्होंने 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व–संध्या पर नई दिल्ली में जारी एक संदेश में कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस विशेष है क्योंकि भारतीय निर्वाचन आयोग राष्ट्र की सेवा के 75 वर्ष पूरे कर रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र पर हम सभी को गर्व है।

******************

इधर, झारखंड में भी मतदाता दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। रांची के आर्टभट्ट सभागार में राज्यस्तरीय कार्यक्रम होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार दोपहर बाद तीन बजे कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान उल्लेखनीय कार्य करने वाले कई कर्मियों का सम्मानित किया जायेगा।

******************

झारखंड में केन्द्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रभावी और उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले 100 से ज्यादा लोग नयी दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के साक्षी बनेंगे। इनमें मुखिया, सेविका, गंगा प्रहरी, जल योद्दा और समन्वयक शामिल हैं। रामगढ़ के जल योद्धा गोविंद मेवाड़ और डॉ. संजय प्रसाद सिंह को दामोदर नदी संरक्षण में योगदान के लिए अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। सोलर मित्र रितेंद्र प्रसाद और जन औषधि केंद्र संचालक अंजन प्रकाश भी झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी ने इस सम्मान के लिए भारत सरकार और राज्य प्रशासन का आभार प्रकट किया है।

हजारीबाग जिले से सुरेन्द्र प्रसाद सिंह और बासमती मुर्मू, चतरा की सरिता देवी और उमेश कुमार, कोडरमा की कुमारी कनक रानी और कंचन देवी को भी आमंत्रित किया गया है। खूंटी जिले के मुरहू प्रखंड क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविका शांति सोय भी प्रधानमंत्री के बुलावे पर दिल्ली पहुंची हैं। दिल्ली रवाना होने से पहले उन्होंने इस सम्मान के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया।

******************

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के संदेश के सीधे प्रसारण के कारण आज और कल आकाशवाणी रांची से शाम सात बजे प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार शाम 6 बजकर 45 मिनट पर ही प्रसारित किया जायेगा।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में अपने आवास पर गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के स्वयंसेवियों, कलाकारों तथा जनजातीय अतिथियों से मुलाकात की। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय एकता और विविधता पर जोर दिया।

******************

इस दौरान झारखंड से गये कलाकारों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत की। सरायकेला से गुरु तपन पटनायक के नेतृत्व में दिल्ली गये कलाकारों ने प्रधानमंत्री से विकसित भारत को लेकर कई सवाल पूछे। प्रधानमंत्री ने भी कलाकारों के सवालों का बखूबी जवाब दिया।

******************

रांची के मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस के राज्य स्तरीय समारोह को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है।

******************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज एक बार फिर ठंड की वापसी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले चार दिन में राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम पारा पांच डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।

******************

महिला हॉकी इंडिया लीग में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब की टीम फाइनल में पहुंच गई है। रांची में कल सूरमा ने श्राची राड़ बंगाल टाइगर्स को 4–2 से पराजित किया। अब कल फाइनल मुकाबले में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का सामना ओडिशा वारियर्स से होगा।

******************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने महिला हॉकी इंडिया लीग में सूरमा क्लब के फाइनल में पहुंचने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर और प्रभात खबर ने सूरमा कल्ब और ओडिसा के बीच कल होने वाले खिताबी मुकाबले की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान और दैनिक जागरण ने निकाय चुनाव को लेकर चुनाव आयोग द्वारा झारखंड हाईकोर्ट में दी गयी दलील को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

****************